राजस्थान सरकार
निदेशालय पशुपालन, राजस्थान

कमांकः एफ.वी.5(1) (समेकित) स्था/अ/2021/ 976 दिनांकः 14/08/2022

## विज्ञप्ति

राजस्थान पशुपालन सेवा नियम, 1963 के नियम 26 के प्रावधान अनुसार पशुपालन विभाग में जिला जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, सिरोही, जालौर, पाली, नागौर, कुचामनसिटी, बीकानेर, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर एवं उदयपुर में आवश्यक़ अस्थायी आधार (Urgent Temporary Basis) पर 200 पशु चिकित्सा अधिकारियों को राशि रूपये 39300/– प्रति माह की दर से तीन माह के लिये नियुक्त किया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप, जिलों में नियुक्ति हेतु कुल/आरक्षित पदों की संख्या, आवश्यक शर्तें, दिये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप आदि विभाग की वेबसाइट www.animalhusbandry.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। पशु चिकित्सा अधिकारियों हेतु निर्धारित दिनांक 24 अगस्त 2022 को नामाक्षर **A to M** तथा दिनांक 25 अगस्त 2022 को नामाक्षर **N to Z** से प्रारम्भ होने वाले अभ्यर्थी प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक अपने आवेदन पत्र मय मूल दस्तावेज सहित निदेशालय पशुपालन विभाग परिसर, टोंक रोड़, जयपुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी हेतु 0141–2743331 एव 9414023767 पर सम्पर्क करें।

शासन उप सचिव

# आवेदन पत्र

(पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियत पारिश्रमिक के आधार पर नियुक्ति हेतु)

1. आवेदित पद नाम ..............................................................................
2. आवेदित श्रेणी (General/SC /ST/BC /MBC/ EWS ...................
   महिला /विधवा/ परित्यक्ता). ...................
3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) ..............................................................................
   (अंग्रेजी में) ..............................................................................
4. पिता /पति का नाम (हिन्दी में)..............................................................................
   (अंग्रेजी में)..............................................................................
5. जन्म दिनांक ..................... दिनांक 01.08.2022 को आयु ..............................................
6. लिंग (महिला/ पुरूष) ..............................
7. जाति .................... संवर्ग (General/SC /ST/BC /MBC/ EWS /etc)..............................
8. शैक्षणिक विवरण

| कम सं. | कक्षा | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12th | | | | | |
| 2 | BVSC& AH | | | | | |

9. राजस्थान पशु चिकित्सा परिषद में स्थाई पंजीकरण संख्या..............दिनांक...................
10. गृह जिला ..............................................................
11. स्थायी निवास का पता ..............................................................
12. पत्र व्यवहार का पता मय मोबाईल नंबर/ई–मेल एड्रेस..............................................................................
    ..............................................................................
    ..............................................................................
13. 01.06.2002 को जीवित संतान की संख्या..............................................................
14. विवाह पंजीयन की तिथि एवं पंजीयन कार्यालय का विवरण..............................................................

मैं यह निष्ठा पूर्वक प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त प्रपत्र में दर्शाई गई समस्त सूचनाऐं पूर्णतया सत्य है एवं मैं किसी दण्डनीय अपराध अथवा अनैतिक कृत्यों के लिए आज दिनांक तक कभी भी दण्डित नहीं हुआ हूँ। मैं अपना आवेदन पशु चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पद के लिए नियत पारिश्रमिक के आधार पर अस्थायी नियुक्ति हेतु कर रहा हूँ। निर्धारित शपथ–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न हैं।

संलग्न :– कुल पृष्ठ ................

दिनांक..............

स्थान................

आवेदक के हस्ताक्षर
एवं प्रार्थी का नाम

# आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर पशु चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हेतु आवश्यक शर्ते

1. प्रार्थी का मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.वी.एससी. एण्ड ए.एच.स्नातक होना आवश्यक होगा।
2. प्रार्थी का राजस्थान पशु चिकित्सा परिषद में दिनांक 01.08.2022 से पूर्व का स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।
3. आवेदक 01.06.2002 को या इसके पश्चात तीसरी संतान होने पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।
4. दिनांक 01.08.2022 को न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग/महिलाओं (विधवा एवं परित्यक्ता महिला सहित) को नियमानुसार आयु सीमा में छूट देय होगी।
5. आवेदन पत्र के साथ प्रार्थी को सम्बन्धित शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं अंकतालिका (10वीं, 12वीं, तथा स्नातक)/जाति प्रमाण पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र/ विवाह पंजीयन प्रमाणपत्र/राजस्थान पशु चिकित्सा परिषद का स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र (दिनांक 01.08.2022 से पूर्व का) की सत्यापित प्रतियां एवं पृथक राजपत्रित अधिकारियों से लिये गये दो चरित्र प्रमाण पत्र, जो 6 माह से पूर्व के नहीं हों, मूल रूप में संलग्न करना आवश्यक है। मूल आवेदन पत्र के साथ मूल दस्तावेज एवं 2 अतिरिक्त सेट (फोटो प्रति) जमा कराना आवश्यक होगा।
6. चयनित अभ्यर्थियों को नियत पारिश्रमिक के रूप में रूपये 39,300/- प्रतिमाह के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता/वार्षिक वेतन वृद्वि/वरिष्ठता आदि का लाभ देय नहीं होगा।
7. अभ्यर्थी का पदस्थापित जिले से अन्यत्र जिले में स्थानान्तरित नहीं किया जाएगा।
8. चयनित पशु चिकित्सा अधिकारी को किसी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा।
9. कार्मिक (क-2) विभाग के परिपत्र दिनांक 04.10.2013 के अनुसरण में अभ्यर्थी द्वारा धूम्रपान एवं गुटका सेवन नही करने का वचनबंध (Undertaking) दी जावेगी।
10. कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2006 के अनुसार आवेदक के विवाहित होने की स्थिति में आवेदक से विवाह पंजीकरण की सूचना/दहेज नहीं लिये जाने का शपथ पत्र लिया जाना अनिवार्य होगा।
11. प्रार्थी को निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। (राशि रूपये 100/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प एवं नोटरी द्वारा प्रमाणित)
12. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति आदेश जारी होने की दिनांक से 5 दिवस की अवधि में पद स्थापन स्थान पर अपनी उपस्थिति देनी होगी। अन्यथा उसका चयन/नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त मानते हुये प्रतीक्षा सूची से अन्य योग्य अभ्यर्थी को नियुक्ति दे दी जावेगी। जिस पर किसी भी प्रकार का आक्षेप मान्य नही होगा।
13. पूर्व सें पशुपालन विभाग में आंवश्यक अस्थायी आधार पर कार्यरत कार्मिक इस भर्ती हेतु पात्र नहीं होंगे, आवश्यक अस्थायी आधार पर कार्यरत कार्मिक द्वारा आवेदन किये जाने पर उनकों भविष्य में होने वाली नियमित भर्ती हेतु अयोग्य घोषित कर दिया जावेगा।

......................

(Affidavit on Rs 100/- Non Judicial Stamp (Notary attested) Regarding – "No claim for permanent employment")

# शपथ पत्र

मैं.............................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .................. आयु.........जाति.............
निवासी..........................................................................................................
जिला.................... शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ कि :–

1. मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई समस्त सूचनायें सत्य हैं। शैक्षणिक योग्यता विधि मान्य संस्था से अर्जित किये गये है।
2. यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई एवं नियत पारिश्रमिक के आधार पर है। भविष्य में इस नियुक्ति के अधीन, मैं राज्य सरकार से नियमित नियुक्ति के लिए किसी भी प्रकार से हकदार नहीं रहूंगा/रहूंगी. ।
3. मैं भविष्य में इस नियुक्ति के संदर्भ में विभाग में नियमित नियुक्त के लिये किसी भी न्यायालय में वाद दायर नही करूंगा /करूंगी।
4. कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 04.10.2013 के अनुसरण में मैं धूम्रपान एवं गुटका सेवन नही करने का वचन देता हूँ।
5. कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2006 के अनुसार मैं विवाहित हूँ, मैंने अपना विवाह पंजीकरण करा लिया हैं तथा विवाह में मैंने कोई दहेज नहीं लिया है।
6. मैं भविष्य में नियुक्ति के उपरांत किसी भी अन्य स्थान के लिये स्थानांतरण हेतु हकदार नही रहूंगा/रहूंगी, ना ही स्थानांतरण के लिए पात्र रहूंगा/रहूंगी ,ना ही आवेदन करूंगा/करूंगी।
7. जिस स्थान के लिए मेरा चयन किया जायेगा, मैं उस स्थान के मुख्यालय पर निवास करूंगा/करूंगी।

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं.............................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ..................सत्यापित करता/करती हूँ कि उपरोक्त वर्णित पैरा 01 लगायत 07 मेरी निजी जानकारी में सही एवं सत्य है, इसमें ना ही कुछ गलत है और ना ही कुछ छिपाया गया है। ईश्वर मेरी मदद करें।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता